प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

**********************

भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्य सभा के महासचिव को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति विधि एवं न्याय मंत्रालय के परामर्श और राज्य सभा के उपसभापति की सहमति से की गई है। इस संबंध में आवश्यक राजपत्र अधिसूचना आज जारी की गई।

**********************

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पहली बार दो हजार से अधिक वैज्ञानिकों के एक दल ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सात हजार नौ सौ से अधिक गांवों का दौरा किया। राज्यसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि वैज्ञानिकों ने प्रत्येक गांव की कृषि–जलवायु स्थितियों पर विस्तृत जानकारी एकत्र की। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसानों को खेती के लिए मिट्टी के पोषक तत्व, उपयुक्त बीज की किस्में और फसल उगाने की तकनीक की भी जानकारी दी गई।

**********************

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रतिबंधित सामग्री उपलब्ध कराने के आरोप में 25 वेबसाइटों को भारत में सार्वजनिक पहुंच से वंचित करने के लिये इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को अधिसूचना जारी की है।

मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 और धारा 67ए, भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 294, और महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 सहित विभिन्न कानूनों के उल्लंघन के लिये इन वेबसाइटों को चिन्हित किया है।

**********************

मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने आज राज्य में एक और सैनिक स्कूल स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सैनिक स्कूल तिलैया से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर हुई बैठक में उन्होंने स्कूल की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

**********************

झारखंड लोक सेवा आयोग ने बहुप्रतीक्षित सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। कुल 342 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए चयनित किया गया है। टॉपर की सूची में धनबाद के आशीष अक्षत ने पहला स्थान प्राप्त किया है।

**********************

साहिबगंज में गंगा नदी के 89 किलोमीटर लंबे खंड में प्रति किलोमीटर में औसतन 2 दशमलव 88 डॉल्फ़िन दर्ज की गई हैं, जो देश में सबसे अधिक है। यह आंकड़ा जून में वन्यप्राणी संस्थान भारत द्वारा किए गए वैज्ञानिक सर्वेक्षण से प्राप्त हुआ। गंगा डॉल्फ़िन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है और यह वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची–1 में शामिल है। इस सघन उपस्थिति से स्पष्ट है कि साहिबगंज क्षेत्र जल गुणवत्ता और पारिस्थितिकीय दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है।

**********************

खूंटी जिले में महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति और प्रदान के सहयोग से प्रतिवर्ष किसान फूलों की खेती कर लखपति बन रहे हैं। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

**********************

राज्य में आज कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हुई। सिमडेगा के बोआल में सर्वाधिक 94 दशमलव 6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं साहिबगंज में अधिकतम तापमान 34 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस और चाईबासा में न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा। आज राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्सों में कहीं–कहीं भारी से अति भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

**********************

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने कल रात जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्वकप शतरंज में चीन की ली तिंगजी को हराया। रैपिड और ब्लिट्ज़ फॉर्मेट में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल टाईब्रेक मुकाबले में, हम्पी ने तिंगजी को 5–3 से हराया।

*********समाप्त**********